## दो विधायक, नपा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष सब अंधेरे में

# कलेक्टर कार्यालयः स्थल चयन कब, प्रपोजल स्वीकृत कब, टेंडर कब, टेंडर क्लोज कब?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा (अजय तावरे)

जिला कलेक्टर कार्यालय पांढुर्ना का स्थल चयन कब हुआ, इस स्थल पर स्वीकृति के लिए प्रपोजल भोपाल कब गया, इसका टेंडर कब जारी हुआ और फिर टेंडर क्लोज कब हुआ ? कलेक्टर कार्यालय भवन निर्माण की यह प्रक्रिया शुरू कब हुई और खत्म कब हुई ? इस बारे में जिले के दोनों विधायकों, नगरपालिका परिषद पांढुर्ना अध्यक्ष, नगर मंडल अध्यक्ष, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्षा, मीडियाकर्मियों और सामाजिक स्तर पर सक्रिय जनप्रनिधियों को जरा भी भनक नहीं लगी। बीते 15 अक्तु को जिला प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने नवनिर्मित एसडीएम कार्यालय के भूमिपूजन अवसर पर मंच से कलेक्टर कार्यालय का टेंडर होने की बात कही।




## 5 माह पहले जारी हुआ टेंडर

15 अक्तु. के पहले जिले के महत्वपूर्ण जनप्रतिनिधियों को इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी। अपुष्ट सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर कार्यालय के लिए माह मई 2025 में ऑनलाईन टेंडर भोपाल से जारी हुआ था। अनुमान लगाया जा सकता है कि इसके एक से डेढ माह में टेंडर क्लोजिंग प्रक्रिया पूरी हो गई होगी। टेंडर जारी होने के लगभग 2-3 माह पहले से स्थल चयन की प्रक्रिया जारी रही होगी। इस प्रकार उक्त पूरी प्रक्रिया में अनुमानित 7 माह का समय लगा है।

## जनप्रतिनिधियों को कुछ पता नहीं

स्थल चयन, प्रपोजल स्वीकृति, टेंडर प्रकाशन और टेंडर क्लोजिंग के विषय पर दैनिक हरिभूमि को पांढुर्ना विधायक निलेश उईके और सौंसर विधायक विजय चौरे ने बताया कि इस बारे में हमें कुछ नहीं मालूम। स्थल चयन और बाकी की पूरी प्रक्रिया के दौरान हमें आज तक किसी ने कुछ भी अवगत नहीं कराया। नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे ने कहा कि मुझे मीडिया रिपोर्ट और लोगों से चर्चा के माध्यम पता चला है कि कलेक्टर कार्यालय अमरावती रोड पर बनाया जाना तय हुआ है। लेकिन नगरपालिका पांढुर्ना का अध्यक्ष होने नाते मुझे अधिकृत रूप से प्रशासन ने उक्त प्रक्रिया में ना शामिल किया और ना सूचना दी। पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष एडवोकेट वैशाली महाले ने भी इस बात पर अफसोस जाहिर किया। इन्होंने कहा कि पांढुर्ना जिले के आम नागरिकों की सुविधा के लिए कलेक्टर कार्यालय का स्थान चयन किया गया। कलेक्टर कार्यालय के लिए चयन किया जा रहा स्थान आम लोगों के लिए हितकारी और सुविधाजनक है या असुविधा से भरा है ? इस सवाल का सच्चा और सटीक जवाब क्षेत्र के निर्वाचित प्रतिनिधि, शीर्ष राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, नगरपालिका के पार्षद और जनपद के सदस्यगणों के अलावा कोई नहीं दे सकता। पूर्व जिला भाजपा अध्यक्षा ने भी पूरी प्रक्रिया में बरती गई अतिरिक्त गोपनीयता को लेकर हैरानी जाहिर की। नगर मंडल अध्यक्ष बंटी छागानी ने भी पूछने पर बताया कि कलेक्टर कार्यालय स्थल चयन और टेंडर के बारे में उन्हें समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ है।

## विवादित भूमि पर पूरी प्रक्रिया अवैध

जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता तथा विधि एवं मानव अधिकार प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष विजय हलवे के अनुसार कलेक्टर कार्यालय के लिए अमरावती रोड पर चयनित भूमि का विवाद पहले से न्यायालय में विचाराधीन है। विवादित भूमि का कलेक्टर कार्यालय के लिए चयन करने के कारण पूरी टेंडर प्रक्रिया स्वमेव अवैध हो जाती है। जिस भूमि पर शासकीय भवन का निर्माण होना है यदि वह विवादित है तो भूमि का चयन और टेंडर प्रक्रिया कानूनी रूप से अवैध हो मानी जाती है। प्रशासन द्वारा कुछ विशेष राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को लाभ पहुंचाने के लिए स्थल चयन और टेंडर प्रक्रिया के बारे में जनता के प्रतिनिधियों से कोई राय मशविरा नहीं किया गया। अधिवक्ता विजय हलवे ने दैनिक हरिभूमि से चर्चा में यह स्पष्ट आरोप लगाया।

# जिले में सीसीआई के सेंटर शुरू कराने भाजपाई कलेक्टर से मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



जिले में कपास खरीदी के लिए सी.सी.आय. के सेंटर जल्द से जल्द शुरू किए जाने की मांग को लेकर भाजपा पदाधिकारियों का एक दल कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ से मिला। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर महोदय के साथ किसानों की समस्याओं और हितों को लेकर चर्चा की।

मंडल ने कलेक्टर से निवेदन किया कि किसानों को कपास का उचित मूल्य मिले इसके लिए पांढुर्ना जिले में भारतीय कपास निगम खरीदी सेंटर खोले जाना जरूरी है। भाजपाईयों की मांग पर कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने प्रतिसाद देते हुए सी.सी.आय. द्वारा जिले में जल्द ही कपास खरीदी शुरू किए जाने के लिए सकारात्मक प्रयास किए जाने का आश्वासन दिया।

भाजपा के प्रतिनिधिमंडल में पूर्व जिला महामंत्री राहुल मोहोड, जिला उपाध्यक्ष रामकृष्ण वाकोडे, जनपद अध्यक्ष संजय भूते, जिला महामंत्री देवेंद्र गायकवाड, नगरपालिका पांढुर्ना अध्यक्ष संदीप घाटोडे, सौंसर मंडल अध्यक्ष दर्शन झाडे, पांढुर्ना मंडल अध्यक्ष बंटी छागानी, मंडल उपाध्यक्ष पंकज नाईक एवं अन्य शामिल थे। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि भाजपा सदैव किसानों के हितों के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी।

## सोनमऊ में पानी की किल्लत, ग्रामीणों ने की कलेक्टर से शिकायत, कनेक्शन देने की रखी मांग

**हरिभूमि न्यूज, छिंदवाड़ा।** मोहखेड़ ब्लॉक स्थित ग्राम पंचायत शक्करझिरी के आश्रित गांव सोनमऊ में इन दिनों पानी की समस्या को लेकर ग्रामीण जन बेहद परेशान है। महिलाओं को दूर से पानी लाना पड़ रहा है। जबकि शासन की मंशा है कि घर घर पानी पहुंचाया जाए। परंतु सोनमऊ शासन की इस महत्वपूर्ण योजना से आज भी वंचित है। ग्रामीणों ने कई बार पाइप लाइन विस्तार करने और नल कनेक्शन देने के लिए उचित स्थानों पर मांग की परंतु आज दिनांक तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं होने के कारण बेहद परेशान है और इस बार तय किया कि पहले जिला कलेक्टर को इस समस्या से अवगत कराएंगे फिर भी अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीणजन जिला कलेक्टर आकर उचित प्रदर्शन कर शासन की समक्ष अपनी मांग रखेंगे। नल जल योजना का वास्तविक क्रियान्वयन पाइप लाइन का विस्तारीकरण और घर घर नल कनेक्शन जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए अगर ग्रामीण जनों को बार बार परेशान होकर भटकना पड़ रहा हो तो यह निश्चित रूप से शासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान है। नवागत कलेक्टर हरेंद्र नारायण के आश्वासन के बाद जनता के बीच में उम्मीद तो जागी है कि उन्हें घर तक शीघ्र ही जल प्राप्त हो सकेगा। परंतु यह देखना है कि मंगलवार जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट की चौखट पर माथा टेकने के बाद भी क्या जल विभाग के अधिकारी जागेंगे या फिर मासूम ग्रामीणों के आवेदन को फाइलों में दफन कर भूल जाएंगे। यह तो वक्त ही बताएगा पर अगर शासन इन ग्रामीणों की बात सुनकर पेयजल जैसी मूलभूत समस्या का समाधान कर देता है तो यह निश्चित रूप से प्रशासन के लिए गौरव की बात होगी। शिकायतकर्ताओं में सुरेश पवार, पंजाबराव कामरे, नारायण पाठे, गेंदलाल, गोपीचंद, सुरेश, गोमा, लक्ष्मण, गनाजी के अलावा जनपद सदस्य चैतराम धुर्वे भी शामिल थे।




## पुलिस बल की भारी कमी से जूझ रहा चौरई थाना

**चौरईः** क्षेत्र का सबसे महत्वपूर्ण थाना इन दिनों पुलिस बल की कमी से जूझ रहा है। थाने में पर्याप्त पुलिस कर्मी न होने के कारण नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में अपराधों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है।सूत्रों के अनुसार, कुछ समय पहले तक चौरई थाने में 4 सब इंस्पेक्टर और 11 एएसआई सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात था। बल की उपस्थिति से न केवल शहर में बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपराधों पर अंकुश बना रहता था। लेकिन फिलहाल, पदों के रिक्त रहने और सीमित स्टाफ होने से थाना स्टाफ पर कार्यभार अत्यधिक बढ़ गया है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और रात के समय गश्त की कमी साफ नजर आ रही है। लोगों ने जिला पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि चौरई थाने में शीघ्र अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए, ताकि क्षेत्र में फिर से कानून व्यवस्था मजबूत हो सके। जानकारों का कहना है कि बल की कमी से न केवल अपराध नियंत्रण प्रभावित हो रहा है, बल्कि लंबित जांच और शिकायतों के निपटान में भी देरी देखने को मिल रही है। अब सवाल ये है कि आखिर कब मिलेगा चौरई थाने को उसका पूरा बल जब तक यह कमी दूर नहीं होती, तब तक अपराधियों के हौसले यूं ही बढ़ते रहेंगे।


## अष्टांहिका महापर्व का शुभारंभ आज से

**छिंदवाड़ा।** जैनदर्शन का अनादि निधन शाश्वत महापर्व अष्टांहिका का शुभारंभ आज कार्तिक शुक्ल सप्तमी 29 अक्तूबर बुधवार से होने जा रहा है, जिसकी आराधना सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन आगामी आठ दिनों कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा 5 नवंबर तक करेगा।फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि आठ दिवसीय मंगल महोत्सव का शुभारंभ आज बुधवार को प्रातः 7.15 बजे नई आबादी गांधी गंज स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय में श्री जिनबिंब प्रक्षालन से होगा, 7.30 बजे से ध्वजारोहण करने के पश्चात श्री जिनेन्द्र पूजन कर श्री रत्नकरण्ड श्रावकाचार विधान का भव्य शुभारंभ होगा।

# धर्मस्थल में गबन का अधर्मः जिला योजना अधिकारी को जिला कलेक्टर का नोटिस

### फर्जी जांच रिपोर्ट से नाराज जिला प्रशासन, जिला योजना अधिकारी ने स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर बना दी फर्जी जांच रिपोर्ट, दोषियों पर बड़ी कार्रवाई की बंधी उम्मीदें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव (संजय जैन)



प्रशासन के दलाल अधिकारी धार्मिक स्थलों पर भी भ्रष्टाचार करना नहीं रोक पा रहे हैं। आदतन भ्रष्टाचारी अधिकारियों ने फर्जी जांच रिपोर्ट बनाकर यह साबित कर दिया है कि मप्र सरकार के मुखिया कितनी भी अच्छी योजनाएं बनाकर क्रियान्वित क्यों न कर दे पर इन भ्रष्ट अधिकारियों को तो शासन के नाम पर पलीता तो लगाना ही है और ऐसा ही एक मामला संज्ञान में आया है जहां आदिवासी जनपद पंचायत, जुन्नारदेव का बहुचर्चित 16 लाख रुपए के गबन का मामला में नवागत जिला कलेक्टर हरेंद्र नारायण सिंह के द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। इस मामले में बीते दिवस जिला कलेक्टर के द्वारा इस गबन के मामले को अपनी फर्जी जांच रिपोर्ट के माध्यम से दबाने का प्रयास करने वाले जिला योजना अधिकारी को नोटिस जारी कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि इस जिला योजना अधिकारी ने जनपद पंचायत के स्थानीय अधिकारीयो एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर 16 लाख रुपए के गबन के इस मामले को दबाने की कोशिश करते हुए फर्जी जांच रिपोर्ट बनाकर जिला कार्यालय में भेजा था, लेकिन इसकी पुष्टि जिला कार्यालय में नहीं हो पाई थी। दरअसल इसी मामले में जिला प्रशासन ने अपने अन्य स्त्रोतों से भी जांच रिपोर्ट मंगाई थी, जिसमें दोनों ही जांच रिपोर्ट में परस्पर विरोधाभास दिखाई दिया। जिला योजना अधिकारी ने स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर इसी ग्राम पंचायत में चल रहे एक अन्य बड़े महत्वाकांक्षी निर्माण कार्य को ही मंगल भवन का निर्माण कार्य बता डाला जबकि यहां पर बड़े-बड़े भारी 15 खंबो का एक स्ट्रक्चर बनाया जा रहा है, जिस पर धार्मिक प्रयोजन किया जाना है। इस स्ट्रक्चर को देखकर सहसा ही अनुमान लगाया जा सकता था कि यह मंगल भवन का नहीं अपितु कोई बड़े कार्य के लिए बन रहा स्ट्रक्चर है। इस जांच रिपोर्ट में मौका स्थल का ड्राइंग, डिजाइन, लेआउट का भी ध्यान नहीं रखा गया था। जिसके बाद जिला कलेक्टर हरेंद्र नारायण सिंह ने इस फर्जी जांच रिपोर्ट को देखकर जिला योजना अधिकारी को नोटिस जारी कर दिया है।

### जांच रिपोर्ट में भी फर्जीवाड़ा

जिला प्रशासन के पास पहुंची इस मामले की शिकायत को जिला कलेक्टर ने बीते दिनों टीएल की बैठक में इस मामले में जानकारी चाही, जिस पर यह स्पष्ट हो गया कि 16 लाख के इस फर्जी आहरण का मामला गंभीर प्रवृत्ति का है। इस मामले में जिला प्रशासन के द्वारा यहां पहुंची दो जांच रिपोर्ट का आकलन किया जिसमें परस्पर विरोधाभास स्पष्ट रूप से दिखाई दिया है। इसी को आधार मानकर जिला कलेक्टर हरेंद्र नारायण सिंह ने जिला योजना अधिकारी को नोटिस जारी कर दिया है। अब इस मामले में देखना है कि इस फर्जीबाड़े को लेकर आगामी दिनों में ग्राम पंचायत के सचिव और ग्राम सरपंच सहित जनपद पंचायत के अधिकारियों पर कितनी गाज गिर पाती है। यह जांच के उपरांत देखने लायक तथ्य होगा।

### फर्जी जांच रिपोर्ट से गबन के मामले को दफन करने का जनपद पंचायत का असफल प्रयास

धार्मिक स्थल में गबन के अधर्म का यह मामला बड़ा ही विचित्र तौर का है। दरअसल ग्राम पंचायत जुन्नारदेव विशाला में ही जनपद पंचायत जुन्नारदेव का मुख्यालय है। अपनी नाक के नीचे ही विधायक निधि में से 16 लाख रुपए के फर्जी आहरण का यह बड़ा मामला बहुचर्चित हो गया था। इस मामले की गंभीरता को जनपद पंचायत के अधिकारी भी भांप चुके थे। यही कारण था कि इन्होंने जिला योजना अधिकारी के संरक्षण में एक फर्जी जांच रिपोर्ट तैयार कर गबन के इस मामले को दफन करने का निर्णय लिया। मौके का फायदा जनपद अधिकारियों को उस समय मिल गया कि जब एक प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था यहां भगवान शिव की आस्था को लेकर एक बहुत ही पवित्र कार्य कर रही है जिसके द्वारा भगवान शिव की 51 फीट की मूर्ति की स्थापना की जा रही है। उसी के बन रहे स्ट्रक्चर को अपना स्ट्रक्चर बताकर ग्राम पंचायत के सचिव व सरपंच सहित जनपद पंचायत के अधिकारियों ने अपने इस पाप को दबा देने की असफल कोशिश की, लेकिन शिकायतकर्ताओं एवं मीडिया के द्वारा लगातार इस मामले में पैनी नजर रखी जा रही थी।

### जनपद पंचायत ने गबन के मामले की हेल्पलाइन शिकायत को स्पेशल फोर्स क्लोज से की दबाने की कोशिश

रुपए 25 लाख की विधायक निधि से बनने वाले मंगल भवन के जमीनी रूप से न बनने के बावजूद 16 लाख रुपए के फर्जी आहरण के बाद ग्रामवासियों सहित मीडिया के कान खड़े हो गए थे। उच्च अधिकारियों को शिकायत के साथ-साथ इस मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हेतु मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में भी शिकायत की गई थी, लेकिन स्थानीय जनपद पंचायत के अधिकारियों के द्वारा शिकायतकर्ताओं पर दबाव न बन पाने के बाद इस स्पेशल फोर्स क्लोज के जरिए समाप्त कर दिया गया था। इसको लेकर लोगों में और गहरी निराशा व्याप्त हो गई थी कि सुप्रसिद्ध पहली पायरी धर्म स्थल में गबन का अधर्म का यह मामला दब ना जाए।

### यह है मामला

ग्राम पंचायत जुन्नारदेव विशाला में विधायक निधि के द्वारा रुपए 25 लाख की लागत से मंगल भवन का निर्माण होना था। रुपए 25 लाख की वित्तीय वर्ष 2022 - 23 की विधायक निधि के लिए जनपद पंचायत जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत जुन्नारदेव विशाला को एजेंसी बनाया गया था। इस मंगल भवन का लेआउट, ड्राइंग एवं डिजाइन के बगैर ही आवंटित धनराशि 25 लाख में से 16 लाख रुपए का भुगतान निर्माण सामग्री के नाम पर सचिव एवं ग्राम सरपंच के द्वारा अनाधिकृत रूप से कर दिया गया था, जबकि इस मामले में किसी भी प्रकार से मजदूरी का भुगतान का ना होना अपने आप में संदेह प्रकट कर देता है। इसके अतिरिक्त उपयंत्री एवं एसडीओ के द्वारा भी इसका मूल्यांकन भी नहीं किया गया और रुपए 16 लाख आहरित कर लिए गए हैं। इसकी शिकायत लगातार मीडिया में प्रकाशित होती रही। कुछ शिकायतकर्ताओं के द्वारा इस मामले की शिकायत जिला कलेक्टर सहित स्थानीय एसडीएम को भी की गई थी। एसडीएम की जांच में यह शिकायत को सत्य माना गया था। मौका स्थल पर मुआयना किया जाने पर ऐसा कोई भी मंगल भवन का निर्माण होता हुआ नहीं दिखा है, जबकि जनपद पंचायत के अधिकारी के द्वारा बताया जा रहा निर्माण कार्य एक 15 खभों की बड़ी आदमकद प्रतिमा को बिठाये जाने का स्ट्रक्चर को ही बता दिया गया जबकि यह एक पवित्र कार्य स्थानीय शिव भक्तों के द्वारा किया जा रहा है जिसमें 51 फीट की भगवान शिव की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा किया जाना है। शिवभक्तों के द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य को लेकर आम जनता का सहयोग भी लगातार जारी है।

# गुपचुप बेचने वाला कैसे बन गया करोड़पति

### उचित जांच हुई तो कई भ्रष्ट अधिकारी हो सकते है बेनकाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले में भ्रष्टाचारियों की तूती बोल रही है। मिल बांटकर जनता का पैसा लूटने खसोटने का काम चल रहा है और इस काम में सबसे ज्यादा माहिर पंचायतों के सचिव और रोजगार सहायक है। आए दिनों इनके कारनामे अखबारों की सुखियां तो बनते है परंतु भ्रष्ट जांच अधिकारी पुन: पैसों के बल पर इन्हें जेल की हवा खिलाने की बजाए ऐसी हवा देते है कि जनता के पैसों को हवा हवाई बना देते है। ऐसा ही काम तामिया के रोजगार सहायक दिनेश साहू ने किया। खुद शासन के पैसों में डकैती डालकर अपने सगे संबंधियों के नाम पर भी सम्पत्ति क्रय किया और ठेकेदारी में शामिल किया और अब जेल में है, पर क्या शासन के नुमाइंदे इनका सहयोग करने वाले



अधिकारियों तक पहुंचेंगे या फिर सत्ता की मलाई चाट रहे नेताओं का संरक्षण इस मामले को भी काल के गाल में दफन करने का प्रयास करेगा।

जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह के नाम पर फर्जी लेटरहेड तैयार कर तबादला कराने वाले तामिया जनपद के रोजगार सहायक दिनेश साहू को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। यह वही व्यक्ति है जिसने मंत्री के हस्ताक्षर व लेटरहेड की कूटरचना कर एक आदेश तैयार किया था, जिससे स्वयं को लाभ पहुंचाने की साजिश रची गई थी। फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ जब जिला पंचायत ने मंत्री कार्यालय से पत्र की पुष्टि कराई, और मामला फर्जी पाया गया।

इस आधार पर पुलिस सूत्रों के अनुसार भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 467 (कूटरचित दस्तावेज की जालसाजी), 468 (फर्जी सरकारी दस्तावेज का प्रयोग), 471 (फर्जी दस्तावेज का उपयोग) और अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

### भ्रष्टाचार और काले धन का बड़ा जाल

जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं 2007 तक गुपचुप बेचने वाला यह व्यक्ति, 2009 में रोजगार सहायक बनते ही कथित रूप से करोड़पति ठेकेदार बन गया। उसके नाम पर भोपाल और छिंदवाड़ा में फ्लैट, तामिया में दो मकान, दो दुकानें, लग्जरी कारें, कुआँबादला में महंगी कृषि भूमि और रिश्तेदारों के नाम पर बनी फर्जी फर्मों से पंचायत ठेकेदारी जैसे कार्य सामने आए हैं। जानकारों के मुताबिक उसका चचेरा भाई राजदीप साहू (उप सरपंच देलाखारी) और एक वीरेंद्र डेहरिया उसके ठेकेदारी नेटवर्क का हिस्सा हैं। पुलिस इस पूरे प्रकरण को अब राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (**EOW**) या **CID** को सौंपने की तैयारी में है। जांच का दायरा बढ़ाकर अनुचित संपत्ति और फर्जी ठेकेदारी नेटवर्क की तहकीकात की जाएगी।

### प्रशासन में हड़कंप, अन्य आरोपी भी रडार पर

दिनेश साहू की गिरफ्तारी के बाद अन्य सहयोगी ,संलिप्त कर्मचारियों और ठेकेदारों की भूमिका की भी जांच शुरू हो गई है। सूत्रों का कहना है कि कई आदिवासी पंचायतों की भूमि सौदों में भी उसकी सीधी संलिप्तता रही है। इस सनसनीखेज गिरफ्तारी के बाद जिले के प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मचा हुआ है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि एक साधारण रोजगार सहायक इतने वर्षों में करोड़ों की संपत्ति का मालिक कैसे बन गया, और उसकी गतिविधियों पर प्रशासन की नज़र क्यों नहीं गई। जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन अब इस मामले में विस्तृत जांच और विभागीय कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### 36 घंटे निर्जला व्रत रखकर महिलाओं ने की पूजा अर्चना

# युवाओं में भी देखने मिला छठ महापर्व का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



छठ महापर्व मातृशक्ति का तो महान पर्व है ही, परंतु आज के युवा भी भक्ति और तपस्या में पीछे नहीं हैं। इसी कड़ी में लालबाग निवासी श्री शिवम शर्मा ने लगातार पाँचवें वर्ष भी छठी मैया की 36 घंटे की निर्जला उपासना पूरी श्रद्धा और संकल्प के साथ संपन्न की।

पहले दिन नहाए-खाए की परंपरा के साथ पूजन आरंभ किया गया। द्वितीय दिवस खरना की खीर ग्रहण कर 36 घंटे के कठिन निर्जला व्रत का प्रारंभ हुआ। व्रत के साथ माँ छठ की अखंड ज्योति प्रज्वलित कर रात्रि में जागरण और भक्ति गीतों का आयोजन किया गया।तृतीय दिवस संध्या काल में शिवपुरी पेच नदी में सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया गया। रात्रि में पूजन-पाठ, दीप प्रज्वलन, गन्ना, फल-मिष्ठान्न और पूजन सामग्री से माँ की औली भरी गई। चतुर्थ और अंतिम दिवस पर भी परिवार जनों एवं मित्रों के साथ पुनः सूर्य देव को अर्घ्य दे कर व्रत विधिवत संपन्न किया गया। इस प्रकार युवा शक्ति ने भी भक्ति, तपस्या और परंपरा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

## शासन और प्रशासन का इस ओर नहीं है ध्यान, हाथों में किताबों के बजाए है कटोरा

# शहर में बढ़ रही नाबालिग भिखारियों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



परासिया शहर में दिनों - दिन बढ़ रहे यातायात , दुकानों की संख्या एक ओर जहां शहर को समृद्ध बनाने की ओर अग्रसर हैं , वहीं शहर में बढ़ती नाबालिग भिखारियों की संख्या चिंता का विषय बन रही है । जिसकी तरफ शासन - प्रशासन का ध्यान बिल्कुल भी नहीं है । जिन बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए उनके अभिभावक बच्चों के हाथ में किताबें देने की बजाय कटोरा देकर बाजारों में घुमा रहे हैं ।

शायद ये उनकी मजबूरी हो सकती है , पर दिनों दिन शहर में बढ़ती भीख मांगने वाले नाबालिग बच्चों की संख्या शासन - प्रशासन की अनदेखी को उजागर कर रही है । शहर में चाय , नाश्ते , चाट आदि की दुकानों के आसपास ऐसे बच्चे रोज नजर आते हैं । कुछ बच्चों के साथ तो उनके अभिभावक भी होते हैं । कई बार तो यह भी देखने को मिलता है , कि ये बच्चे ग्राहकों के आगे - पीछे तब - तक घूमते हैं , जब - तक वह उन्हें कुछ दे नहीं देते । कई बार परेशान होकर दुकानदार इन्हें भगाते भी हैं । ग्राहक भी कई बार असहज महसूस करते है । तहसील क्षेत्र से लेकर बस स्टैंड तक छोटे - छोटे कई बच्चे भीख मांगते नजर आते हैं , जबकि बच्चों की शिक्षा , स्वास्थ्य और भविष्य को लेकर सरकार कई योजनाएं चला रही है । बच्चों से मजदूरी कराना , भीख मंगवाना अपराध की श्रेणी में आता है , पर इस पर अंकुश तब लग सकता है , जब प्रशासनिक तौर पर अधिकारी खुद संज्ञान लेकर सटीक कदम उठाए । जरूरी ये है , कि जो बच्चे भीख मांग रहे हैं , उनके हालात को जाना और समझा जाए । वे शिक्षा क्यों नहीं ले पा रहे हैं ? पारिवारिक हालात क्या हैं , यह सब जानकर उनके लिए उचित कदम उठाना प्रशासनिक तौर पर जरूरी है ।

## गौरपानी ने जीती बरारिया की कबड्डी प्रतियोगिता

**परासिया :** जय मां काली उत्सव समिति ग्राम पंचायत बरारिया खरका मोहल्ला में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में गौरपानी की टीम ने देवरी को हराकर प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए एवं शील्ड जीती । उपविजेता देवरी को 4001 रुपए एवं शील्ड प्रदान की गई । तृतीय पुरस्कार खजरी खुलासा 3000 एवं शील्ड और चतुर्थ बड्डी 2001 एवं शील्ड जीता । स्कोरर हंसलाल कहार और राजा धुर्वे को भी सम्मानित किया गया । प्रथम पुरस्कार की राशि विधायक सोहन बाल्मिक , द्वितीय पुरस्कार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कमल राय , तृतीय पुरस्कार जनपद अध्यक्ष आशा आम्रवंशी , चतुर्थ पुरस्कार शिवम राजा राय एवं मुकुंद शाह नर्रे द्वारा प्रदान किया गया । विधायक सोहन वाल्मीकि ने खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा , कि इस परंपरागत खेल से शरीर स्वस्थ रहता है और मनोरंजन भी होता है । उन्होंने कहा , कि वे खेल और खिलाड़ियों के लिए हमेशा सहयोग करतै आ रहे हैं । उन्होंने विजेता टीम को धन्यवाद दिया और उपविजेता टीम को कहां की अच्छा प्रदर्शन कर आने वाले वर्ष में पुरस्कार के हकदार बन सकते हो । इस प्रतियोगिता में लगभग 30 टीम ने भाग लिया । पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में विधायक सोहन वाल्मीकि, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमल राय , वरिष्ठ नेता बसंत मालवीय , महिला ब्लॉक अध्यक्ष अंजलि श्रीवास्तव , सैफ खान पार्षद प्रतिभा सोनी , सरपंच मोहन कहार , उपसरपंच लखन शाह नर्रे , मुकुंद शाह नर्रे , शिवम राजा राय , बृजभान शाह धुर्वे उपस्थित हुए । मंच संचालन वीरू प्रसाद डेहरिया ने किया एवं आभार प्रदर्शन सरपंच मोहन कहार द्वार किया गया ।प्रतियोगिता में मां काली उत्सव समिति सदस्यों हरदेव धुर्वे ओम मरकाम सहित सभी सदस्यों ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया ।



## भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना कर दी दिवंगत बच्चों को श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

कलार समाज परासिया द्वारा राजराजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु जन्मोत्सव के अवसर पर स्थानीय शिव मंदिर प्रांगण में भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना कर दिवंगत बच्चों को श्रद्धांजलि दी गई । आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान सहस्त्रबाहु की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई । उपस्थित सामाजिक बंधुओ द्वारा समाज के उत्थान और संगठन की मजबूती के लिए अपने विचार व्यक्त करते हुए बात रखी गई । तत्पश्चात कार्यक्रम के अंत में जहरीले कफ सिरप से जिले भर में हुई नोनीहाल बच्चों की मौत पर दो मिनट का मौन धारण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई । कार्यक्रम में ब्लॉक कलार समाज अध्यक्ष ललित सूर्यवंशी लेखराम सूर्यवंशी संतोष नरेंद्र राय सुनील कुमार सूर्यवंशी , संतलाल राय , ललित सूर्यवंशी , मनोहर राय , सतीश राय , प्रमोद सूर्यवंशी , मारकंडे सूर्यवंशी , राजा राय , संजय राय , नमन जायसवाल , प्रदीप राय , जयकुमार राय , भारत राय , अंशु राय , पवन सूर्यवंशी , रेवाराम राय , उमाशंकर राय , मधु कुमार राय , रघुवीर राय , पवन जायसवाल , अंकित राय , कृष्णा सूर्यवंशी , आयुष शिवहरे , अंशु राय , तनिष्क सूर्यवंशी , मोनू हरडे सहित बड़ी संख्या में कलार समाज के सदस्य उपस्थित रहे ।

## सीनियर सिटीजन प्रकोष्ठ का दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न

**चौरई।** मंगलवार को सीनियर सिटीजन प्रकोष्ठ चौरई का दीपावली मिलन समारोह चौरई विधायक चौधरी सुजीतसिंह की प्रमुख उपस्थिति में इंडियन रेस्टोरेंट में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक श्री चौधरी द्वारा संगठन के वरिष्ठ नारायण प्रसाद चौरसिया, कालूराम देशमुख व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल का शाल व श्री फल से सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक चौधरी सुजीतसिंह ने सीनियर सिटीजन प्रकोष्ठ के दीपावली मिलन समारोह के आयोजन व अन्य कार्यक्रमों की सराहना की साथ ही उन्होंने कहा कि आपके अनुभव व विचार युवा पीढ़ी एवं समाज पथ प्रदर्शक है। इस मौके पर संगठन के विधानसभा प्रभारी पूनमचंद शर्मा,व कैलाश नारायण गौतम ने अपने विचार रखें। इस अवसर पर कार्यक्रम में चंद्रकिशोर खंडेलवाल, तीरथ सिंह ठाकुर, विधानसभा सचिव रामेश्वर सोनी, कन्हैयालाल चौरसिया, प्रेमेंद्र साहू, अमित चौरसिया, धीरज खंडेलवाल, प्रशांत शर्मा, ब्लॉक समन्वयक बेनीसिंह रघुवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष नन्हेलाल सहित संगठन के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



## रजोला में शोकाकुल परिवार से जाकर मिले सांसद विवेक बंटी साहू और विधायक कमलेश शाह

**सिंगोड़ी:** रजोला में शोकापुर परिवार से सांसद बंटी साहू और विधायक कमलेश शाह मिलने पहुंचे। इन्होंने बच्चों को ढांढस बंधाया और कहा की परिवार के बच्चों को हर संभव मदद दी जाएगी जिसके लिए उपस्थित नेताओ अधिकारियों को कहा गया । गौरतलब है कि विगत रविवार को उल्टी दस्त पेट दर्द से पीड़ित रजोला निवासी दुर्गा चंद्रवंशी की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी जिसके बाद काफी हंगामा हुआ था। आपको बता दें कि अमृत महिला के पति की पहली ही मृत्यु हो चुकी थी इसके बाद महिला बीमारी के चलते मृत्यु हो गई जिसके चलते बच्चे अनाथ हो गय है। ग्रामीणों ने बच्चों को लेकर शासन प्रशासन से आर्थिक राहत की मांग कर रहे थे। वही मंगलवार को संसद बंटी साहू और विधायक कमलेश शाह दोपहर करीब तीन बजे रजोला ग्राम पहुंचे जहां पर शोकाकुल परिवार के दोनो नाबालिक बच्चों से मिल कर उन्हे ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिया। साथ ही कहा की दोनो बच्चों को बाल आश्रय योजना अंतर्गत चार हजार रूपए हर महीना के तहत 18 साल की उम्र तक दिया जाएगा जिसके लिए अधिकारियों से बात हुई है तथा आगे की पढ़ाई में अगर कोई समस्या आती है तो उसके लिए स्थानीय स्तर के जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा नेताओ को समस्या का हल करने कहा है। इस दौरान टीकाराम चंद्रवंशी, दीपक नेमा, डा उमेश शर्मा, सोनू सरसवार,अनमोल बत्रा,रजत जैन, सहित अन्य उपस्थित थे।



## पंचायत आपके द्वार शासन की योजनाओं से हर परिवार होंगे लाभान्वित

**परासिया :-** मंगलवार पंचायत आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत बरारिया वार्ड क्रमांक 01 और 12 आमा मोहल्ला में पंचायत ने अपना कार्यक्रम जारी रखा इसके अंतर्गत वार्ड वासियों से मुलाकात कर प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर पात्र ,हितग्राहियों को लाभान्वित करने की कार्य योजना बनाई गई । पेयजल सफाई स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था के अलावा परिवार आई डी में नाम जोड़ना , पेंशन खाद्यान्न पर्ची , पीएम आवास निर्माण की प्रगति पात्र , हितग्राहियों को शीघ्र ही योजना का लाभ देने पर ग्रामीणों से चर्चा की गई । सरपंच मोहन कहार ने बताया , कि ग्राम पंचायत स्तर पर केंद्र और राज्य सरकार की अनेक योजनाएं चलाई जा रही है इन सभी योजनाओं से गरीब और पात्र व्यक्ति वंचित न रहे इसी उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है । इस अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों से उनके घर में सीधे संपर्क किया जा रहा है और उनकी समस्या सुनकर त्वरित निदान किया जाता है । अन्य समस्याओं को जनपद जिला स्तर पर भेज कर निदान करने का आश्वासन दिया गया ।ग्रामपंचायत में सड़क पानी पेयजल जैसी समस्याओं के अलावा स्वच्छता अभियान की भी जानकारी दी गई । इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित होकर अपनी समस्या रखकर उसे निदान करने का प्रयास ग्राम पंचायत द्वारा किया जाता है ।इस अवसर पर सरपंच मोहन कहार , सहायक सचिव कैलाश उइके , हंसलाल कहार , पंच रासवति कहार व ग्रामीण जन व महिलाएं उपस्थित हुए ।



## सालेटेकरी रोड में बीएसएनएल ऑफिस के पास हुई घटना

# लापरवाही का परिणाम: करंट लगने से गाय की मौत

हरिभूमि न्यूज लांजी।



नगर के सालेटेकरी रोड स्थित बीएसएनएल ऑफिस के पास लगे विद्युत ट्रांसफार्मर के पास एक गाय की करंट लगने से मौत हो गई। यह घटना सोमवार रात की है, जब गाय ट्रांसफार्मर के पास घास चरने के दौरान नंगे तार की चपेट में आ गई। गाय के मालिक कमलेश पिता सोबेलाल सोनवाने बिंझवार ने बताया कि उनकी गाय चरने गई थी, लेकिन रात भर वापस नहीं लौटी। सुबह पता चला कि गाय की करंट लगने से मौत हो गई है। पशु प्रेमियों ने बिजली विभाग और नगर परिषद पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ट्रांसफार्मर के पास झाड़ियां होने के कारण गाय को करंट लग गया। पशु प्रेमियों ने बिजली विभाग से मुआवजे की मांग की है और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### नगर परिषद और बिजली विभाग की लापरवाही से हुई घटना

स्थानीय निवासियों का कहना है कि ट्रांसफार्मर के पास झाड़ियां होने के कारण गाय को करंट लग गया। इस ट्रांसफार्मर के पास बीएसएनएल का ऑफिस है और एक छात्रावास भी है, जहां बच्चे खेलते-कूदते रहते हैं। इसके बावजूद विभागों ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिसका खामियाजा गाय को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा।

### पशु प्रेमियों ने की थाने में शिकायत

पशु प्रेमियों ने लांजी थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पशु चिकित्सा विभाग ने मृत गाय का पोस्टमार्टम किया है। अब सवाल यह है कि क्या सिर्फ पोस्टमार्टम और पुलिसिया कार्रवाई से यह समस्या दूर हो पाएगी?

## सामाजिक मुद्दों पर एकजुट होना ही हमारा लक्ष्य : पवन कश्यप अध्यक्ष

# कुम्हार प्रजापति समाज की बैठक में लिए महत्वपूर्ण निर्णय

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नगर के मंडई टेकरी स्थित काली मंदिर परिसर में 28 अक्टूबर को कुम्हार प्रजापति समाज की आवश्यक बैठक आहुत की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य कुम्हार समाज को विकास की मुख्य धारा से जोडऩा, तथा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चयन करना था। जिसके तहत बैठक में उपस्थितजनों द्वारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में पवन सितमलाल कश्यप तथा उपाध्यक्ष पवन हरिशंकर कश्यप तथा सचिव के पद पर शिव पिता जमनाशंकर कश्यप का चयन किया गया। जो समाज को मजबूत करने में अपने दायित्व का पूरी निष्ठा से एवं निष्पक्ष रूप से निर्वहन करेंगे। समाजिक सदस्यों ने कहा चयनित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव द्वारा अपने दायित्वों से पीछे हटते पाये गये तो समाज द्वारा पुनः निर्वाचन प्रक्रिया कर नये अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इस अवसर पर कुम्हार प्रजापति समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पवन कश्यप ने कहा की आज समाज के लोगों द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है वह उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तथा शासन से कुम्हार समाज को मिलने वाली सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का भरसक प्रयास करेंगे इसके साथ ही समाज में शिक्षा के प्रसार के लिए प्रयास, समाज में विभिन्न उप-समूहों के बीच तालमेल, और सामुदायिक विकास के लिए ब्लॉक स्तर पर बैठकें आयोजित करेंगे। इसके साथ ही राजनीतिक दलों द्वारा वोट बैंक के रूप में उपयोग किए जाने के बजाय, समुदाय के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एकजुट होना हमारा लक्ष्य होगा। इस दौरान बैठक में पवन कश्यप अध्यक्ष, पवन कुमार कश्यप उपाध्यक्ष, शिव कश्यप, दिलीप प्रजापति, किशोर प्रजापति, संतोष कश्यप, राजकुमार कश्यप, भुनेश कश्यप, लोकेश कुमार, सन्नी कश्यप, रमन प्रजापति, वीरेंद्र कश्यप, अश्विनी कश्यप, डिलेश्वर कश्यप, निखिल प्रजापति, राम कश्यप, मनीष कश्यप, दीपक प्रजापति, श्रवण प्रजापति सहित सामाजिक सदस्य उपस्थित रहे।



## दबंग वारासिवनी ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

### खेलों से होता है शारीरिक और बौद्धिक विकास-विवेक पटेल



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत खैरलॉजी के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुनई में स्वामी विवेकानंद क्लब के तत्वावधान में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन विधायक विवेक विक्की पटेल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। प्रतियोगिता का समापन मैच रविवार को गुनई और वारासिवनी के बीच खेला गया। जिसमें वारासिवनी की टीम ने अच्छा प्रदर्शन कर तीनों राउंड में एक तरफा जीत दर्ज कर विजेता होने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता की विजेता और उपविजेता टीम को विधायक विवेक विक्की पटेल के हस्ते पुरुस्कृत किया गया।

समापन समारोह में पहुॅचने पर समिति पदाधिकारियों द्वारा विधायक विवेक विक्की पटेल का स्वागत किया गया। जिसके बाद खिलाड़ियों का अतिथियों द्वारा परिचय करवा कर खेल की शुरुआत की गई। फाइनल मैच में दबंग वारासिवनी की टीम ने तीनों ही राउंड में जीत दर्ज कर पूरे टूर्नामेंट की चैंपियन बन गई। वारासिवनी की टीम ही सिर्फ ऐसी टीम थी, जो एक भी मैच नहीं हारी। मैच की शुरुआत से ही वारासिवनी की टीम गुनई की टीम पर हावी रही और लगातार अपने अंक बढ़ाते रही। वारासिवनी की टीम ने गुनई की टीम को कभी भी अपने ऊपर हावी नहीं होना दिया और शुरुआत से ही अपने अंक बढ़ाते रहे। जिससे वारासिवनी की टीम ने अच्छा प्रदर्शन कर एक तरफा जीत दर्ज कर ली।

## जिला स्तरीय रांगोली व श्री राधा कृष्ण रुप सज्जा प्रतियोगिता के विजेताओं को वितरित किए गए पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण में संस्कार भारती संस्था द्वारा आयोजित जिला स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता एवं जिला स्तरीय श्री राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता 2025 का पुरस्कार वितरण समारोह मुकेश माडल अध्यक्ष दिगंबर जैन कमेटी वारासिवनी के मुख्य आतिथ्य एवं प्रणय श्रीवास्तव अश्क जिला अध्यक्ष संस्कार भारती की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

प्रतियोगिताओं में भूअलंकरण विधा रंगोली में 88 प्रतियोगी एवं श्री राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में 48 प्रतियोगियों ने भाग लिया था। निर्णायक मंडल में शामिल 9 सदस्यों ने इनका निरीक्षण कर परिणाम घोषित किए थे। रंगोली प्रतियोगिता में तीन श्रेणियों में से क श्रेणी में कक्षा 8 वीं से 10 वीं तक में प्रथम मौली कन्नौजे सेंट विद्या सागर कांवेंट, द्वितीय खुशी नगपुरे सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी, तृतीय शिवानी राउत इंदिरा मेमोरियल कांवेंट वारासिवनी, सांत्वना परिधि बिसेन गांधी विद्या मंदिर वारासिवनी, श्रेणी ख में कक्षा 11 वीं से 12 वीं तक में प्रथम कामिनी सिंहमारे कमला नेहरु शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, द्वितीय अंजली मात्रे सैनिक एकेडमी मेंहदीवाड़ा, तृतीय कनक कटारे केरियर हायर सेकंडरी स्कूल वारासिवनी रहे।

श्रेणी ग महाविद्यालय एवं वयस्क नागरिकों के लिए निर्धारित थी, जिसमें प्रथम पुरस्कार कटंगी की प्रतियोगी आंचल चौधरी की रंगोली बालाघाट के दर्शनीय स्थल, द्वितीय स्थान कटंगी के ही प्रतियोगी अनुराग झामडादे व तृतीय पुरस्कार बालाघाट की प्रतियोगी श्रीमती सीमा उपलपवार को प्राप्त हुआ। विशेष प्रोत्साहन एवं सांत्वना पुरस्कार लालबर्रा के योगेन्द्र मात्रे, वारासिवनी से क्रमशः लेखांशी कुशराम, पूनम मानकर, मुस्कान भंवरे, गुंजन लिल्हारे, योगिता सूर्यवंशी, रिशांत लिमजे को पुरस्कृत किया गया।

## ग्राम खुर्शीटोला में पार्वती बाई के घर से 4000 रु. लूट का मामला

# लूट के आरोपी का पुलिस ने नगर में निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज लांजी।

लांजी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुर्शीटोला में 23 अक्टूबर की रात्रि पार्वती बाई के घर से 4000 रु. लूट का मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के अंदर दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है तथा घटना के खुलासे के दूसरे दिन नगर निरीक्षक दीपसिंह परमार के नेतृत्व में आरोपी का नगर में जुलूस भी निकाला और गुंडे बदमाशों को आपराधिक कृत्यों से दूर रहकर सामान्य जीवन जीने का संदेश देने का प्रयास किया है। पुलिस जानकारी अनुसार घटना 23 अक्टूबर 2025 की रात की है। ग्राम खुर्शीटोला निवासी पार्वती बाई पति मेहतर जामुरे (62 वर्ष) ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि वह अपनी बहन के साथ घर में सो रही थी। रात लगभग 12 से 1 बजे के बीच घर में किसी के चलने की आवाज सुनाई दी। जब दोनों बहनें उठीं तो देखा कि तीन अज्ञात व्यक्ति मुंह पर कपड़ा बांधे घर के अंदर मौजूद थे। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने दोनों बहनों का मुंह दबाकर उन्हें धमकाया और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। बाद में उन्होंने घर में रखे डिब्बों से 4000/- नकद निकाल लिए और फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पर थाना लांजी में अपराध क्रमांक 261/2025, धारा 331(6), 309(4) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर बनी विशेष टीम घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदर्शकांत शुक्ला के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की। अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लांजी श्री ओमप्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम ने तत्काल जांच शुरू की। पुलिस टीम ने तकनीकी व मुखबिर सूचना के आधार पर बड़ी सफलता हासिल करते हुए घटना की मुख्य साजिशकर्ता खेलनबाई हनोते पति स्वण रतिराम हनोते(70 वर्ष निवासी ग्राम कालीमाटी) और घटना को अंजाम देने वाले आरोपी निकेश कबीरे पिता चेतनलाल कबीरे (27 वर्ष, निवासी ग्राम बेनेगांव) को गिरफ्तार किया। घटना में शामिल एक अन्य आरोपी की पहचान कर ली गई है, जिसकी तलाश जारी है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लांजी उनि दीप सिंह परमार के नेतृत्व में पुलिस टीम सुंदरलाल पवार, आर. दिलीप, रूपसिंह, पवन, महेंद्र, जितेंद्र एवं महिला आर. प्रीति ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया।



## हर दिन हो रहे सड़क हादसे : सीतापठोर में मौत का पुलिया

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** तिरोड़ी से पिपरवानी मुख्य सड़क मार्ग पर ग्राम सीतापठोर के पास स्थित राजीव सागर बांध की नहर में बनी पुलिया के बड़े-बड़े गड्ढे अब जानलेवा साबित होने लगे है. गड्ढों की वजह से आए दिन यहां सड़क हादसे हो रहे है जिसमें किसी को मामूली चोट तो कोई जीवन भर के लिए अपाहिज हो रहा है. ग्रामीणों ने बताया कि किस तरह से पुलिया में बने गड्ढों के कारण सड़क हादसे हो रहे है. सड़क हादसों को रोकने के लिए स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिया के ऊपर एक लाल झंडा लगा दिया है ताकि राहगीर दूर से ही पुलिया के गड्ढे से होने वाले खतरे को भांप सकें और अपने वाहन को अधिक सर्तकता के साथ चलाएं. बीते एक माह में करीब दर्जन भर से भी अधिक सड़क दुर्घटनाएं पुलिया के गड्ढों के कारण से हुई है. गनीमत की बात यह रही कि सभी को मामूली चोट आई. पुलिया की हालत के खराब होने का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि सरिया बाहर दिखाई देने लगी है. ग्रामीणों ने कई बार शासन-प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराते हुए मरम्मत कराने की मांग की है किंतु अब तक पुलिया की हालत पर किसी का ध्यान नहीं गया है ऐसा लग रहा है मानो कोई बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है।

स्थानीय ग्रामीण राजीव सागर बांध की नहर में बने पुलिया को अब मौत का पुलिया के नाम से पुकारने लगे है. गांव में अब अगर सड़क हादसे की सूचना मिलती है तो ग्रामीण पहले ही अंजादा लगा लेते है कि हादसा पुलिया के पास या पुलिया के ऊपर हुआ होगा. दरअसल, नागपुर, खवासा, पिपरवानी से आने वाले राहगीर जो इस रास्ते पर सीतापठोर पुलिया की हालत से अनजान है. वह सड़क हादसे का शिकार होते है, सड़क हादसों में घायल होने वाले राहगीरों को कई बार संजीवनी 108, डॉयल 112 तो कभी ग्रामीण ही मानवता दिखाते हुए अस्पताल ले जाकर भर्ती करवाते है. पुलिया के एक छोर से दूसरे छोर तक बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है और यही गड्ढे राहगीरों के लिए जानलेवा बन सकते है. पुलिया की हालत खराब है लेकिन एमपीआरडीसी और राजीव सागर बांध ने पुलिया की शुरूआत में किसी तरह का सूचना बोर्ड या लोगों को पुल के ऊपर जाने से रोकने के लिए स्टापर नहीं लगे हैं. ऐसे में रात्रि के वक्त कोई कार या अन्य कोई वाहन पुलिया के ऊपर से जरा भी तेज गुजरे तो सड़क हादसा होना लगभग तय माना जाता है. ग्रामीण लगातार पुलिया की हालत को लेकर आवाज उठा रहे है मगर, जिम्मेदार अधिकारियों की नींद नहीं खुली हैं. इससे यही लगता है कि प्रशासन को हादसे का इंतजार हैं। इसके बाद ही उनकी बंद आंखें खुलेगी।



## खबर संक्षेप

### हज यात्रा की दूसरी किश्त जमा होगी 31 अक्टूबर तक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** वर्ष-2026 में जिले से हज जाने वाले 78 लोगों को हज जाने की दूसरी किश्त 31 अक्टूबर तक जमा करना अनिवार्य होगा। यह जानकारी सेन्ट्रल हज कमेटी मु बई के सीईओ शहनवाज द्वारा दी गई है। स्टेट हज ट्रेनर अल्हाज असदउल्ला खान, हाजी अब्दुल वसी खान, आरिफ खान, कलीम खान, अफरोज खान मैकेनिक, करीम खान, उवेस खान ने बताया कि हज के दस्तावेज 5 नव बर तक जमा करना होगा। उन्होंने हज जाने वालों से निर्धारित समय पर किश्त व दस्तावेज जमा करने का आग्रह किया है। ताकि उन्हें परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य योजनाओ मेला का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** समस्त नगरवासियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 29/10/2025 दिन बुधवार को नगर पालिका के मानस भवन प्रागण में प्रधानमंत्री आवास मेला का आयोजन किया जा रहा है जिसका समय प्रात 11 बजे से प्रांरभ होगा। जिसमें शासन द्वारा संचालित योजनाएं प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी बैक होम लोन, पीएम सूर्यघर योजना, पीएम स्वनिधि, संबल योजना, निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण इत्यादि योजना का लाभ प्रदान किया जावेगा ।

### एक खड़े ट्रक से दूसरे ट्रक की टक्कर ,चालक घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**जिले के धूमा थाना क्षेत्र अंतर्गत घोघरी ग्राम के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर एक सड़क हादसा हो गया। मंगलवार सुबह लगभग 4 बजे एक खड़े ट्रक से दूसरे ट्रक की टक्कर हो गई, जिसमें चालक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, नागपुर की ओर से आ रहा एक ट्रक घोघरी ग्राम के पास पहले से खड़े एक ट्रक से टकरा गया। इस टक्कर के कारण दूसरे ट्रक का चालक घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल पुलिस और एम्बुलेंस को घटना की सूचना दी। एम्बुलेंस की मदद से घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

# पत्रकारों को सुरक्षा उपलब्ध कराने एवं बिना जांच के छूटे प्रकरण में फंसाए जाने हेतु सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारत के सबसे बड़े लोकतंत्र में पत्रकारिता को चौथा स्तंभ माना गया है जिसके साथ जुडकर सिवनी एवं प्रदेश के पत्रकार निष्पक्ष निर्भीकता के साथ पत्रकारिता करते हुए आमजनमानस की आवाज शासन प्रशासन तक पहुंचाने का काम करते है। समय-समय पर राज्य शासन भी पत्रकारों के मान सम्मान की बात करती है लेकिन धरातल में फील्ड में काम करने वाले पत्रकारों के साथ दोहरा रवैया अपनाया जाता है जिनके ऊपर कभी हमले तो कभी झूठा प्रकरण बनाकर उन्हें परेशान किया जाता है। देश प्रदेश में निष्पक्ष, निर्भीक पत्रकारों को झूठा फंसाए जाने से लोकतंत्र कमजोर होता है।

महोदय जी सिवनी की कोतवाली पुलिस ने अपराध क्रमांक 899/225 धारा 121(1),132,221,296, 324(4), 351(3) व 191 (2) में लगभग 08-10 लोगो को आरोपी बनाया गया जिसमें सिवनी से प्रकाशित दैनिक सिवनी न्यूज के संपादकअजय ठाकरे को भी आरोपी बनाया गया जो उस समय घटना का कवरेज करने मौके पर थे। महोदय जी चूंकि सभी धाराए मुचलके में छोड़े जाने की धाराए है बावजूद इसके कोतवाली पुलिस बल दैनिक समाचार पत्र के संपादक अजय ठाकरे का गिरफ्तार करने उनके निवास पर पहुंचा। फील्ड में काम करने वाले पत्रकारों को को इस तरह बिना जांच के आरोपी बनाना निंदनीय है।

आपसे निवेदन है कि प्रदेश के पत्रकार जो निष्पक्षता और निर्भीकता के साथ आम लोगों की आवाज बनते है और फील्ड की सच्चाई को उजागर करते है उनके विरुद्ध झूठे प्रकरण ना बनाया जाए और यदि पत्रकारों की कोई शिकायत होती है तो पहले उसकी राजपत्रित अधिकारियों से जांच कराई जाए। निवेदन है कि इस मामले में दैनिक समाचार पत्र के संपादक अजय ठाकरे की पहले निष्पक्ष जांच हो। और जांच के पहले उनके परिवार को परेशान ना किया जाए एवं पुलिस वाले जाकर कार्यवाही का डर ना दिखाएं

समाचार पत्रों के संपादकों, ब्यूरो, संवाददाताओं, स्ट्रींगर, फील्ड में काम करने वाले प्रेस फोटो ग्राफरों की सुरक्षा के लिए कानून बनाया जाए। साथ ही पत्रकारों को भीड़ का हिस्सा न मानते हुए उनके विरूद्ध षडय़ंत्र पूर्वक बिना जांच के एफआईआर में रोक लगाई जाए।

समाचार पत्रों के संपादकों, ब्यूरो, संवाददाताओं, स्ट्रींगर, फील्ड में काम करने वाले प्रेस फोटो ग्राफरों के विरूद्ध यदि कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उसकी राजपत्रित अधिकारी से निष्पक्ष जांच कराई जाए।

पत्रकारों के लिए राज्य में सुरक्षा कानून बिल पास किया जाए ताकि प्रदेश में पत्रकार अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सके।

निवेदन है कि हमारी मांग पर सदभावना पूर्वक विचार करने का कष्ट करें। एवं सिवनी के साथी पत्रकार अजय ठाकरे न्यूज़ के संपादक हैं उनको एवं उनके परिवार को पुलिस के द्वारा जांच के पहले परेशान ना किया जाए

# सुकतरा चौक पर ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर हुई ग्राम पंचायत में बैठक

## एसडीएम, तहसीलदार, एनएचएआई अधिकारी व ग्रामीण रहे मौजूद

कुरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सुकतरा में बीते शुक्रवार रात एनएच-44 पर हुई कार और बाइक की टक्कर में युवक की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा लगाए गए चक्काजाम के पश्चात सोमवार को ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रशासन, पुलिस, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अधिकारियों एवं ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिवनी।

बैठक में एसडीएम प्रशांत उईके, तहसीलदार सुधीर चौधरी, थाना प्रभारी कृपाल सिंह टेकाम,एनएचएआई के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में सुकतरा चौक पर लगातार हो रहे सडक़ हादसों और अब तक दर्जनों मौतों को देखते हुए ओवरब्रिज या अंडरपास के निर्माण की मांग रखी गई।

एनएचएआईअधिकारियों ने बताया कि इस मांग को उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया जाएगा तथा लगभग 6 माह में कार्य आरंभ करने की संभावना जताई। उन्होंने यह भी कहा कि एनएच-44 का यह हिस्सा 4 लेन से 6 लेन में परिवर्तित हो चुका है, जिसके चलते दुकानदारों से अतिक्रमण हटाने में सहयोग की अपील की गई।

एसडीएम प्रशांत उईके ने बैठक में ग्रामीणों से अपील की कि वे सडक़ सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाएं, कम उम्र के बच्चों को वाहन न दें, बिना हेलमेट और नशे में वाहन न चलाने की शपथ दिलवाएं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी इस अभियान में भाग लेंगे।



पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष देवेंद्र राहंगडाले ने बताया कि पूर्व सांसद ढाल सिंह बिसेन द्वारा यह मांग पहले भी केंद्रीय सडक़ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को भेजी गई थी, परंतु अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सुकतरा चौक पर ट्रैफिक का दबाव अधिक रहता है, क्योंकि यहां गोंडेगांव-वैनगंगा, संदीपनी विद्यालय-बदलपार मार्ग और नागपुर-जबलपुर मार्ग एक साथ जुड़ते हैं।

समाजसेवी नरेश चौरसिया सहित अन्य ग्रामीणों ने मांग की कि जब तक ओवरब्रिज का निर्माण नहीं होता, तब तक एनएचएआई कर्मचारी स्कूल के समय बच्चों को सडक़ पार कराने में सहयोग करें, और पुलिस सडक़ किनारे खड़े वाहनों व दुकानों के बाहर अव्यवस्थित पार्किंग पर चालानी कार्रवाई करे।

इस पर तहसीलदार सुधीर चौधरी ने निर्देश दिए कि ग्राम कोटवार और एनएचएआई कर्मचारी स्कूल के समय पर उपस्थित रहकर वाहनों को रोकें और बच्चों को सुरक्षित सडक़ पार कराएं।

जनपद उपाध्यक्ष हरदीप भाटिया ने भी मोहगांव में सर्विस रोड, ब्रेकर और सुकतरा ओवरब्रिज के निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू करने की बात कही।

वहीं सोमवार चार बजे स्कूल छुट्टी के समय एनएचएआई कर्मचारी मौके से अनुपस्थित पाए गए। सूचना पर थाना प्रभारी कृपाल सिंह तेकाम व पुलिस टीम ने स्वयं हाइवे पर खड़े होकर बच्चों को सुरक्षित पार कराया।

# अवैध मक्का परिवहन करते ट्रक को मंडी सचिव ने पकड़ा

## स्थानीय कर्मचारियों की मिलीभगत से मंडी को हो रहा था नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिवनी।

केवलारी । कृषि उपज मंडी समिति केवलारी के सचिव एवं उडऩदस्ता दल ने सोमवार को अवैध मक्का परिवहन करते एक ट्रक को पकड़ा। यह कार्रवाई संयुक्त संचालक, आंचलिक कार्यालय जबलपुर के निर्देश पर मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(4) के तहत की गई। जांच में पाया गया कि वाहन क्रमांक एमएच 40 बीएल 7997 से फर्म एस. के. ट्रेडिंग एंड ट्रेडर्स द्वारा बिना अनुमति के 302.60 क्विंटल मक्का का परिवहन किया जा रहा था। दल ने मौके पर दाण्डिक कार्यवाही करते हुए कुल 41,148/ राशि मंडी समिति में जमा कराई। राजस्व विवरण मंडी शुल्क 31,790, समझौता शुल्क 3,000, निराश्रित शुल्क 6,358। सूत्रों के अनुसार क्षेत्र में वर्षों से जमे कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से इस तरह का अवैध परिवहन चल रहा था, जिससे मंडी बोर्ड को राजस्व की हानि हो रही थी। मंडी सचिव ने चेतावनी दी है कि भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त हुए 181 आवेदन

**प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिवनी।

आयोजित जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर श्री सीएल चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत एवं सहित अन्य विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित रहे। इसी तरह सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अन्य विकासखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा आमजन से प्राप्त विभिन्न शिकायतों एवं आवेदनों की गंभीरता से सुनवाई की गई तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि प्रत्येक प्रकरण का समाधान समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए ताकि आम नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके।

जिलास्तरीय जनसुनवाई में तहसील घंसौर अंतर्गत ग्राम ब्यौहारी निवासी राजेश नामदेव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील सिवनी अंतर्गत ग्राम नरेला निवासी वर्षा यादव द्वारा परिवार का राशन कार्ड बनाये जाने विषयक, तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम बबरिया निवासी केवल सिंह राजपूत द्वारा स्वामित्व योजना में नाम दर्ज कराये जाने विषयक, महायामाया वार्ड भैरोगंज सिवनी निवासी दिलीप करोसिया द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र में नाम संशोधन कराये जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत ग्राम पिपरिया निवासी रघुवंशी द्वारा बांध के ओवर फ्लो होने के कारण हुई फसल नुकसानी दिलाये जाने विषयक, तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम चिमनाखारी निवासी रवीन्द्र राउत द्वारा धान की फसल में लांबा के कारण हुई क्षतिपूर्ति राशि दिलाये जाने विषयक, सिवनी निवासी शलिकराम ब्रम्हे एवं अन्य द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाये जाने विषयक, ग्राम लूघरवाडा सिवनी निवासी दिलीप बघेल द्वारा खसरा व बही में नाम सुधारे जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत ग्राम पायलीखुर्द निवासी टेकचंद बरमैया द्वारा मुख्यमंत्री सहायता राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम कोहका थाना लखनवाडा सिवनी निवासी उत्तम प्रसाद सनोडिया द्वारा बारिस के कारण कुंआ धसक जाने से क्षतिपूर्ति राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम कोहका सिवनी निवासी सोनू सनोडया एवं अन्य द्वारा नलजल योजना अंतर्गत जल आपूर्ति कराये जाने विषयक, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड सिवनी निवासी एकता उइके द्वारा गरीबी रेखा का राशन बनाये जाने विषयक, तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम धारनाकला निवासी अंतराम राहंगडाले द्वारा राशन कार्ड एवं वृद्धापेंशन योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम धानागढा केवलारी निवासी रामचंद्र डहेरिया द्वारा फसलबीमा योजना की राशि दिलाये जाने विषयक, सिवनी निवासी शकुन बाई द्वारा पक्की नाली निर्माण कार्य कराये जाने विषयक, ग्राम गंगई रैयत सिवनी निवसी संजय कुमार एवं अन्य द्वारा पीएम आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम पीपरडाही सिवनी निवासी चौहान सिंह द्वारा धान फसल पंजीयन कराये जाने विषयक, ग्राम विजयपानी कला बरघाट निवासी आशाराम काकोडिया द्वारा सहायता राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील धनौरा अंतर्गत ग्राम गनेरी निवासी विजय कुमारी एवं अन्य द्वारा खाद्यान्न पर्ची में नाम जोडे जाने विषयक, ग्राम जोबा सिवनी निवासी सुखराम झारिया द्वारा नया विद्युत पोल लगाये जाने एवं जली लीड को बदलकर नई लीड लगाये जाने विषयक, तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम गौराबीबी निवासी आनंदी काकोडिया द्वारा जिला सहकारीबैंक खाते में पिता के स्थान पर बेटे का नाम दर्ज कराये जाने विषयक, ग्राम खैरनरा लखनादौन निवार्सी रीताबाई बर्मन द्वारा संबल योजना अंतर्गत सहायता राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम कुचीवाडा केवलारी निवासी रामकिशोर गोंड द्वारा भूमि स्वामी में नाम जोडे जाने विषयक, ग्राम सिमरिया सिवनी निवासी संदीप कुमार द्वारा समग्र आईडी जोडे जाने विषयक सहित कुल 181 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।



# लखनादौन में अवैध गैस सिलेंडर भंडारण पर प्रशासनिक कार्रवाई

**लखनादौन।** तहसील प्रशासन द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण पर प्रभावी कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार लखनादौन वार्ड क्रमांक 5 निवासी नवीन सोनी के मकान में बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर रखे होने की सूचना पर तहसील प्रशासन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जांच की गई। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लखनादौन के निर्देशन में तहसीलदार अखिलेश कुशराम, जेएसओ अमित चौधरी एवं सब इंस्पेक्टर संतोष शर्मा की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान मकान में 21 घरेलू गैस सिलेंडर अवैध रूप से संग्रहित पाए गए।



दल द्वारा सिलेंडरों को जप्त कर पंचनामा तैयार किया गया एवं संबंधित के विरुद्ध आवश्यक प्रकरण दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन द्वारा ऐसे अवैध भंडारण एवं परिवहन पर सतत निगरानी रखी जा रही है तथा आमजन से अपील की गई है कि वे घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध उपयोग या भंडारण न करें

### कुरई में अवैध गैस सिलेंडर जप्त करने की कार्यवाही

प्तसिवनी/ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरई प्रशांत उइके के भ्रमण के दौरान ग्राम ग्वारी में ईश्वर पाल पिता राधेलाल पाल की दुकान पर अवैध रूप से 14 गैस सिलेंडर रखे पाए गए। यह सिलेंडर घरेलू उपयोग हेतु निर्धारित गैस सिलेंडर होने के बावजूद व्यावसायिक प्रयोजन के लिए रखे गए थे। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) प्रशांत उइके के निर्देशानुसार कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी कुरई द्वारा मौके पर पहुंचकर सभी 14 सिलेंडरों को जप्त किया गया। मौके पर आवश्यक पंचनामा तैयार कर आगे की विधिक कार्यवाही प्रारंभ की गई। उन्होंने बताया कि घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का अवैध भंडारण या विक्रय कानूनन दंडनीय अपराध है। इस प्रकार की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है तथा भविष्य में भी ऐसी कार्यवाइयाँ सतत जारी रहेंगी।

### हरियाणा और छिंदवाड़ा के पहलवानों ने भी दिखाया दम

**सिवनी/कुरई/वेलटोला :** विकासखंड कुरई के ग्राम पंचायत खाखरा अंतर्गत ग्राम बेलटोला में परंपरानुसार छठवीं तिथि को आयोजित विशाल इनामी दंगल इस वर्ष भी उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। अखाड़े में देशभर से आए नामी पहलवानों ने अपने दांव-पेंच और ताकत का शानदार प्रदर्शन किया। इस दंगल में सिवनी जिले सहित मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, ग्वालियर, इंदौर और जबलपुर के नामी पहलवानों ने भाग लिया। अखाड़े में हुए रोमांचक मुकाबलों के दौरान दर्शकों की भारी भीड़ ने जयकारों के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

विजेताओं को मिले आकर्षक नगद पुरस्कार - प्रथम पुरस्कार 51 हजार दिल्ली के पहलवान ने जीता द्वितीय पुरस्कार 31 हजार हरियाणा के पहलवान को मिला तृतीय पुरस्कार 21 हजार हरियाणा के ही दूसरे पहलवान को प्राप्त हुआ चतुर्थ पुरस्कार 11 हजार छिंदवाड़ा के पहलवान ने जीता आयोजकों ने बताया कि यह दंगल न केवल क्षेत्र की खेल परंपरा को जीवंत रख रहा है, बल्कि जिलेभर के पहलवानों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच भी बन गया है। दंगल समिति और स्थानीय प्रशासन ने बताया कि आगामी वर्षों में इस आयोजन को और भव्य व राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित करने की योजना है, ताकि देशभर के श्रेष्ठ पहलवान इसमें भाग ले सकें।

# धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

सिवनी। नगर के कबीर वार्ड डूंडासिवनी केंद्रीय विद्यालय के समीप साईं नगर दिलबाग नगर में क्षेत्र की समस्त महिला मंडल द्वारा संयुक्त रूप से कराई जा रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन सोमवार को कृष्ण जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा स्थल को फूलों, झालरों और रोशनी से सजाया गया था। कथा वाचक पंडित दिनेश मिश्रा ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि जब अधर्म और अन्याय पृथ्वी पर बढ़ गया, तब भगवान विष्णु ने देवकी और वासुदेव के घर आठवें पुत्र के रूप में जन्म लेकर धर्म की पुनस्थापना की। उन्होंने बताया कि कारागार में भगवान का अवतरण केवल एक दिव्य घटना नहीं बल्कि यह संदेश है कि जब भी मानवता संकट में होती है, तब ईश्वर स्वयं उसे मुक्त करने आते हैं। कथा के दौरान जैसे ही जन्म प्रसंग आया, पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा। भक्तों ने पुष्पवर्षा कर उत्सव का स्वागत किया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की झाँकी अत्यंत मनमोहक रही। झूले में लड्डूगोपाल का आकर्षक श्रृंगार किया गया था। महिलाएँ और बच्चे भक्ति गीतों पर नृत्य करते नजर आए। भजन-कीर्तन के साथ भक्तों ने रासलीला के प्रसंगों का आनंद लिया। इस दौरान कथा स्थल का वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक और आनंदमय हो गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुँच रहे हैं।

# बड़े ही धूमधाम से किया गया नेवरगांव मडई का आयोजन

**सोनखार ( प्रदीप तिवारी)**-विगत दिवस प्रथम वर्ष नेवरगांव में मडई का आयोजन समिति द्वारा बहुत सुंदर और शांति तरीके से संचालन किया चूंकि यह सिवनी जिले की आखरी छोर में आने वाला गांव है जो कि जंगलों से लगा हुआ यहां की सरपंच श्रीमति सोभना /गाजेश देखमुख एवं समस्त ग्रामीणों ने बड़े जोडदार तरीके से प्रचार प्रसार किया और यह पहले वर्ष भरने वाली मड़ई को सफल बनाया जहां पूरे क्षेत्र से अनेकों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यहां पंचायत के माध्यम से बहुत सुंदर बगीचे का निर्माण विगत वर्ष नेवरगांव पंचायत किया जो की मनमोहक और देखने योग्य है इस पंचायत मुख्य खासियत यह भी है यहां की सरपंच निर्विरोध चुनी गई है जो की गांव एकता को दर्शाता है।

# कलेक्टर के निर्देशन में जिले में यूरिया सहित अन्य उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता

**कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में जिले में रबी सीजन हेतु उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सतत निगरानी रखी जा रही है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिवनी।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी तीन दिनों में विभिन्न कंपनियों से यूरिया उर्वरक की आवक प्रस्तावित है। नर्मदा बायो केम लिमिटेड सिवनी रैक पॉइंट से कुल 1,020 मीट्रिक टन यूरिया की आवक होगी, जिसमें से 450 मीट्रिक टन डबल लॉक में, 450 मीट्रिक टन सहकारी समितियों में, 60 मीट्रिक टन मार्केटिंग समिति में तथा 60 मीट्रिक टन एम.पी. एग्रो में जाएगी। कृभको फर्टिलाइजर्स लिमिटेड सिवनी रैक पॉइंट से कुल 910 मीट्रिक टन यूरिया की आवक होगी, जिसमें से 400 मीट्रिक टन डबल लॉक में, 450 मीट्रिक टन समितियों में तथा 60 मीट्रिक टन मार्केटिंग समिति में जाएगी। कृषक भारती कॉपरेटिव लिमिटेड छिंदवाड़ा रैक पॉइंट से कुल 710 मीट्रिक टन यूरिया की आवक होगी, जिसमें से 300 मीट्रिक टन डबल लॉक में, 320 मीट्रिक टन समितियों में, 30 मीट्रिक टन मार्केटिंग समिति में तथा 60 मीट्रिक टन एम.पी. एग्रो में जाएगी। इन रैक पॉइंट्स से निजी उर्वरक विक्रेताओं को भी यूरिया की आपूर्ति की जाएगी, जिससे कृषकों को वितरण हेतु पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध रहेगा। कलेक्टर के निर्देशन में कृषि विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जिले के किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया एवं अन्य उर्वरक प्राप्त हो सकें, ताकि रबी फसलों की बुवाई में किसी प्रकार की परेशानी न हो। आज की स्थिति में जिले में उर्वरकों का उपलब्ध स्टॉक (मीट्रिक टन में) इस प्रकार है — यूरिया 8,314 मीट्रिक टन, डी.ए.पी. 5,938 मीट्रिक टन, एन.पी.के. 6,134 मीट्रिक टन तथा सिंगल सुपर फॉस्फेट (एस.एस.पी.) 9,105 मीट्रिक टन उपलब्ध है। जिले में वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उर्वरकों का वितरण पारदर्शी ढंग से किया जाए तथा किसी भी क्षेत्र में किसानों को उर्वरक उपलब्धता में कठिनाई न हो।

# जुआड़ी के लिए सिवनी एक आसान और पनाहगार स्थल बन गया -मरावी

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिवनी।

सिवनी जिले में काफी समय से अपराधी और भाजपा नेताओं का गठजोड़ जिले में सूखा नशा, शराब, जुआ के कारोबार को अमरबेल की तरह फैलाने का काम कर रहा था, जिससे देश प्रदेश में सिवनी जिले की छबि खराब हो रही थी।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि नरसिंहपुर, छिन्दवाड़ा, बालाघाट, मंडला के अवैध कार्यो में लिप्त विशेषकर जुआड़ी के लिए सिवनी एक आसान और पनाहगार स्थल बन गया था, इन कार्यो में लिप्त अपराधी तेजी से पैसे वाले बन गए थे।

बालाघाट आरक्षक द्वारा मालखाने की रकम जुए में हारने के बाद जिस तरह जांच में परत दर परत निकलकर सामने आई, उससे अनेक सफेद पोश बेनकाब हो गये। जब बालाघाट पुलिस सिवनी के जुआड़ी को लेकर पुलिस आरक्षक के घर भैरोगंज पंहुची तब जांच में सहयोग करने की बजाय, आरक्षक द्वारा भाजपा के अनेक नेताओं को अपने बचाव के लिए बुला लिया, भाजपा नेताओं ने जांच करने आई पुलिस टीम से काफी बद्तमिजी की और जांच में रूकावट पैदा कर पुलिस आरक्षक को भागने मद्द की तब से सिवनी में एक चर्चा जोरो पर थी कि पुलिस भाजपा नेताओं के आगे नतमस्तक हो गई।

नरेश मरावी ने कहा कि कुछ दिन बाद पुलिस ने अपना देशभक्ति, जनसेवा का रूप दिखाते हुए भाजपा के प्रमुख पदो पर रहे उन नेताओं के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला सिवनी थाने में दर्ज करते हुए दो भाजपा नेताओं को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करते हुए जेल भेज दिया और अन्य भाजपा नेता खबर मिलते ही फरार हो गये। जिस तरह भाजपा नेताओं के उपर सिवनी पुलिस द्वारा बालाघाट पुलिस की शिकायत पर कार्यवाही हुई उसकी चारो ओर प्रशंसा की जा रही है। यदि गिरफ्तार लोगो से पुलिस सख्ती से पूछताछ करें तो सिवनी जिले में होने वाले अवैध कार्य सूखा नशा, जुआ, शराब में लिप्त लोगो के अनेक मामले उजागर हो सकते है, पुलिस की इस कार्यवाही नेतागिरी करने वाले उन सभी सफेद पोशो को सबक मिलेंगा, जो कि सत्ता की आड़ में अवैध कार्य करने वालो को संरक्षण देकर अपनी राजनीति चमकाते है।

### फौजी बेटे और पिता सहित एक अन्य पर अपराध पंजीबद्ध

# पंचायत में घुसकर रोजगार सहायक से मारपीट

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत गोरेघाट के रोजगार सहायक के साथ मारपीट की घटना सामने आई है. यह घटना सोमवार की सुबह 11 बजकर 40 मिनट की है जो पंचायत भवन में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है. सीसीटीवी फुटेज में देखा जा रहा है कि रोजगार सहायक से मारपीट की जा रही है. गांव के ही तीन लोगों पर मारपीट करने का आरोप है. जिन पर यह आरोप लगा है उसमें एक फौजी, फौजी के पिता और उनका एक रिश्तेदार शामिल है. पीड़ति रोजगार सहायक कमलेश पिता गुलाबचंद सोनगढ़े ने रात्रि में 09 बजे के बाद रोजगार सहायक संघ ब्लॉक अध्यक्ष आशीष वासनिक और अपने कुछ साथियों के साथ तिरोड़ी थाने पहुंचकर अपने साथ हुई मारपीट और शासकीय कार्य में दखल देने की शिकायत दर्ज करवाई है. पुलिस ने आरोपी मंगल टांडेकर, बंसत टांडेकर और बलेन्द्र के खिलाफ अपराध दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 132, 121 (1), 296, 115 (2), 351 (3), 3 (5) की कार्रवाई की है. आरोपियों में




शामिल बसंत टांडेकर फौज में है. रोजगार सहायक ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने खाद्यान्न पात्रता पर्ची से नाम विलोपित होने पर उसके साथ मारपीट की है. आरोपी मंगल ने पंचायत भवन में आकर विवाद की शुरुआत की और फिर अपने बेटे बसंत और बलेन्द्र को बुलाकर सभी ने मिलकर मारपीट की. रोजगार सहायक ने बताया कि बसंत शासकीय सेवा यानी फौज में तैनात है जिस कारण उनके परिवार को शासन के नियमानुसार सरकारी अनाज मिलना बंद हो गया है. मगर, यह लोग रोजगार सहायक को इसका दोषी मानकर मारपीट कर रहे है। मंगल, बसंत टांडेकर और बलेन्द्र के खिलाफ अपराध दर्ज होने के बाद बसंत टांडेकर की तरफ से भी थाने में रोजगार सहायक के खिलाफ जातिसूचक शब्दों से गाली-गलौज करने और मारपीट करने की शिकायत दर्ज करवाई गई है. पुलिस ने शिकायत मिलते ही रोजगार सहायक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 296, 351 (3) और अनुसूचित जाति, जनजाति अधिनियम की धारा 3 (1), द 3, (1) घ, 3 (2), (वी-9) के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस की यह कार्रवाई संदेहास्पद यानी दबाव में की गई कार्रवाई प्रतीत होती है. चूंकि रोजगार सहायक की शिकायत पर एफआईआर के बाद मंगल और बसंत थाने पहुंचे और फिर शिकायत दर्ज करवाई. पुलिस ने बिना किसी देरी किए अपराध पंजीबद्ध कर दिया. इस पूरे मामले को लेकर जब थाना प्रभारी कौशल कुमार सूर्या से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि रोजगार सहायक ने पूर्व में भी मंगल से मारपीट कर जातिसूचक गाली-गलौज की थी लेकिन पूर्व की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई.



सोमवार को मंगल की तरफ से शिकायत प्राप्त हुई कि उसके साथ चौक में मारपीट और गाली-गलौज हुई है. पीड़ति की शिकायत पर अपराध दर्ज किया गया है। बताना जरूरी है कि कमलेश सोनगड़े का अभी दो माह पूर्व ही ग्राम पंचायत गोरेघाट में तबादला हुआ है. इस पूरी घटना के बाद रोजगार सहायक संगठन में आक्रोश दिखाई दे रहा है ब्लॉक अध्यक्ष आशीष वासनिक का कहना है कि पंचायत कर्मचारी होने के नाते जीआरएस शासन की योजनाओं पर कार्य करता है बावजूद इसके उनके साथ पंचायत के भीतर घुसकर मारपीट करना अनुचित है. उन्होंने आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है. आशीष वासनिक ने बताया कि बीते दिनों शासन ने एक आदेश जारी किया गया है जिसके अनुसार यह तय किया गया है कि शासकीय सेवाओं में तैनात व्यक्ति और आयकरदाता परिवारों को सरकारी अनाज नहीं मिलेगा और उनकी पात्रता पर्ची को रद्द कर दिया गया है. टांडेकर परिवार इसके लिए रोजगार सहायक को दोषी मानकर उसके साथ मारपीट करता है जो अनुचित है. अगर, आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती तो आंदोलन किया जाएगा। रोजगार सहायक के साथ हुई मारपीट की घटना के साक्षी पंचायत सचिव युवराज संग्रामे ने बताया कि सोमवार को मंगल, बसंत और बलेन्द्र पंचायत में आए जिन्होंने राशन मिलना बंद हो गया है इसकी जानकारी मांगी तो उन्हें जानकारी दी गई. जिसके बाद बसंत रोजगार सहायक के कमरे में जाकर गाली-गलौज कर धक्का मुक्की करने लगें. जब उसे ऐसा करने से रोका जा रहा था तो वह काफी आक्रोशित होकर उनसे भी धक्का-मुक्की करने लगा।

#### इनका कहना है

दोनों पक्षों की शिकायत प्राप्त हुई है दोनों की शिकायत पर अपराध दर्ज कर लिया गया है।

**कौशल कुमार सूर्या**
**थाना प्रभारी तिरोड़ी**

# ग्राम हिर्री के बस स्टैंड में धर्मांतरण के विरुद्ध विशाल रैली एवं धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।




सर्व हिंदू समाज द्वारा हिर्री के बस स्टैंड में अनुसूचित जाति एवं जनजाति सुरक्षा मंच व सर्व हिंदू समाज केआवाहन पर धर्मांतरण के विरोध में किरनापुर हिर्री में मंगलवार को विशाल रैली निकाल कर प्रदर्शन किया गया। रैली बस स्टैंड हिर्री से कावरे चौक, अवंती चौक, गुजरी चौक, गांधी चौक, किरनाई मंदिर होते हुए पुनः हिर्री सब स्थल की ओर नारे लगाते हुए प्रस्थान किया, जिसमें प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण माता हैएवं बहने शामिल रही, उपस्थित लोगों ने धर्मांतरण विरोधी नारे लगाए और एसडीएम को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन में सर्व हिंदू समाज ने मांग की है कि किरनापुर तहसील क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित संस्थाओं को तत्काल बंद किया जाए समाज ने चेतावनी दी है कि यदि इन संस्थानों तक को तत्काल बंद नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। पूर्व रिटायर्ड जज नारीमन जी जो स्वयं ईसाई है। ईसाई संगठनों के साथ सितम्बर माह में सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई जिसमें इनके द्वारा यह मॉग की गई है कि भारत के जिन राज्यों में धर्मान्तरम रोकने के लिये धर्म स्वतन्त्र अधिनियन के तहत कानून बनाये गये है।उन्हें निरस्त किया जायें। विडम्बना यह है सुप्रीम कोर्ट द्वारा तत्काल सुनवाई करते हुये नोटिस जारी किये गये जो राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग , राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग को दिये गये किन्तु राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को सुप्रीम कोर्ट द्वारा नोटिस नहीं दिये गये जबकि ईसाई मिशनरियों रियों द्वारा एवं इस्लामिक जेहादी संगठनों द्वारा सर्वाधिक धर्मान्तरण अनुसूचित जनजाति समाज एवं अनुसूचित जाति समाज का किया गया है. जिसका साक्षात परिणाम है कि अनुसूचित जनजाति समाज में नागा जनजाति/बोडो जनजाति विलुप्त होने की कगार में है धर्मान्तरण केवल धर्मान्तरण नहीं वरन राष्ट्रान्तरण है जिसका परिणाम है कि पिछले 1500 वर्ष में भारत वर्ष के 25 टुकडों के रूप में विभाजन हुआ। वर्तमान समय में भारत के 9 राज्यों में एवं 200जिलो में धर्मान्तरण के कारण हिन्दू समाज अल्पसंख्यक होने की कगार में है एवं धर्मान्तरण के कारण वर्तमान भारतवर्ष में निवासरत मूलसमाज का अस्तित्व खतरे में है। हम मांग करते है कि- धर्मान्तरण के खिलाफ देश में कठोर कानून बनाते हुए धर्मान्तरण कार्यों के खिलाफ आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान किया जाये।, जो शिक्षण संस्था एवं स्वास्थ्य संस्था शिक्षा एवं स्वास्थ्य के नाम पर धर्मान्तरण का कार्य करते है उन्हें तत्काल प्रभाव से बंद कर उनके ऊपर 50 लाख का जुर्माना लगाया जाये।, विदेशी संस्थाओं द्वारा एनजीओं के माध्यम से ईसाई मिशनरियों को धर्मान्तरण हेतु जो आर्थिक साहयोग दिया जा रहा है उसे तत्काल प्रभाव से रोका जायें।

### बैंक कर्मी खातेदारों को आवेदन लाकर खाता क्लोज करने की दे रहे सलाह

# उकवा सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के खातेदार पर्याप्त राशि नहीं मिलने से हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज उकवा।

सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा सोनपुरी उकवा के खातेदार बैंक के चक्कर लगा लगाकर हो रहे परेशान खातेदारों को बैंक कर्मियों द्वारा पिछले कई दिनों से कहा जा रहा है कि बैंक में पैसे नहीं है इसलिए सभी खातेदारों को सिर्फ पांच हजार रु ही निकासी की जाएगी इसीलिए सभी खातेदार पांच हजार से जादा न भरें अन्यथा उन्हें राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा खातेदारों का कहना है कि अगर हमें रू20000 की जरूरत है तो हमें चार दिन तक लगातार बैंक के चक्कर काटने पड़ेंगे । खातेदारों




ने ये भी बताया कि बैंक द्वारा बी सी रखे गए हैं जो आधार कार्ड से पैसा निकाल कर देते हैं पर जब उनके पास जाओ तो वह लोग अंगूठा लगवा कर दो दिन बाद आने को कहते हैं और साथ ही प्रति हजार रू10 कमीशन भी लेते हैं बैंक के सिक्योरिटी गार्ड के द्वारा खातेदारों को कहा जाता है कि बैंक में पैसा नहीं है इसलिए 5000 ही मिलेगा लेना है तो लो नहीं तो आवेदन लिखकर लाओ और अभी अपना खाता बंद करो । इसलिए बैंक खातेदारो ने संबंधित उच्चधिकारीयो से मांग की है कि खातेदारों की समस्या को देखते हुए बैंक को पर्याप्त राशि दी जाए एवं खातेदारों से अभद्र व्यवहार करने वाले बैंक कर्मियों को तत्काल हटाया जाए ।

# नगरपालिका में पीएम स्वनिधि योजना का शिविर आयोजित

### 9 प्रकरण हुए स्वीकृत, हितग्राहियों को दी गई योजना की जानकारी

**वारासिवनी**। शासन के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 योजना आईएसएस घटक अन्तर्गत ई डब्ल्यू एस एल आई जी एम आई जी वर्ग के पात्र हितग्राहियों को इन्टरेस्ट फॉर सब्सिडी स्कीम का लाभ प्रदान करने एवं स्ट्रीट वेंडर के लिये लागू पीएम स्वनिधि योजना अन्तर्गत 15, 25 एवं 50 हजार का ऋण उपलब्ध कराने शिविर का आयोजन नगरपालिका परिसर में नगरपालिका एवं स्थानीय बैंकर्स के साथ संयुक्त रुप से किया गया।

इस संबंध में जानकारकी देते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना हैं, वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 प्रचलित हैं। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के ब्याज अनुदान योजना के घटक अन्तर्गत ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी वर्ग के पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने की कार्यवाही की जा रही हैं। ईडब्ल्यूएस वर्ग के हितग्राही जिनकी सालाना आय अधिकतम 3 लाख रुपये तक है, सभी घटकों का लाभ ले सकते है, किन्तु अन्य एलआईजी व एमआईजी वर्ग के हितग्राहियों को केवल आईएसएस घटक के माध्यम से उक्त योजना का लाभ प्रदान किया जा सकता है।

### कोदो-कुटकी उपार्जन के पंजीयन की तिथि 31 अक्टूबर तक बढ़ाई गई

**बालाघाट**। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने किसानों के हित में कोदो-कुटकी उपार्जन के लिए पंजीयन की तिथि 31 अक्टूबर 2025 तक बढ़ा दी है। उल्लेखनीय है कि रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत श्रीअन्न प्रोत्साहन कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा 16 जिलों जबलपुर, कटनी, मंडला, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, रीवा, सीधी, सिंगरौली, मैहर, सतना, मऊगंज, बालाघाट एवं सिवनी में कोदो एवं कुटकी उपार्जन किया जाना है। खरीफ वर्ष 2025 में ई-उपार्जन पोर्टल पर 10 से 24 अक्टूबर 2025 तक पंजीयन किए जाने का निर्णय लिया गया था।

# 4 नवंबर को खैरलांजी में निशुल्क नेत्र शिविर , मरीज हुए लाभान्वित

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी**। मुख्यालय के शासकीय अस्पताल में 27 अक्टूबर सोमवार को निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित कर संपन्न किया गया । जिसमें आंखो के मरीज लाभान्वित हुए।यह शिविर खडं चिकित्सक अधिकारी डा. खिलेंद्र पाल के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ । नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस. के द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर में नेत्र रोगीयो की जांच कर उचित उपचार व परामर्श प्रदान किया गया। आंखो के मरीजो ने उपचार प्राप्त कर अस्पताल प्रबंधन और नेत्र चिकित्सक के प्रति खुशी जाहिर करते हुए ऐसे उत्कृष्ट कार्य की सहारना की। नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस बिसेन ने बताया की शिविर में 40 आंखो के मरीजो के द्वारा ओपीडी में पंजीयन कर उपचार प्राप्त किया। जिसमे से 11 नेत्र रोगी मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए चयनित किया गया जिन्हे आपरेशन के लिए देव जी नेत्रालय जबलपुर रवाना किया गया । आगामी 4 नवंबर को पुन खैरलांजी मुख्यालय के शासकीय अस्पताल निशुल्क नेत्र शिविर होगा जिसमें अंचल के नेत्र रोगी को लाभान्वित किया जाएगा।



# सांदीपनी विद्यालय बालाघाट में वृहद स्तर पर आयोजित हुआ रोजगार मेला

**बालाघाट**। जिले के शिक्षित एवं तकनीकि रूप से कुशल युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बालाघाट जिला प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे है। जिले के दुरस्थ आदिवासी बाहुल्य, नक्सल प्रभावित क्षेत्र एवं ग्रामीण युवाओं को रोजगार के अवसर सुलभ कराने के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में देश की प्रतिष्ठित कम्पनियों से समन्वय कर रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 28 अक्टूबर को सांदीपनी विद्यालय बालाघाट में वृहद स्तर पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में जिले के 2072 युवाओं ने रोजगार के लिए अपना पंजीयन कराया है। मेले में आयी कम्पनियों द्वारा 1500 से अधिक युवाओं का चयन कर लिया गया है।

कलेक्टर श्री मीना ने रोजगार मेले में आए युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि बालाघाट जिला प्रशासन युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है और उनकी हर संभव मदद कर रहा है। अप्रैल 2025 से अक्टूबर माह तक पूर्व में 3700 से अधिक युवाओं को रोजगार दिलाया जा चुका है। जिला प्रशासन ने प्रयास किया है कि रोजगार मेले में इंटरव्यू के दौरान युवाओं से कम से कम दस्तावेज लिये जाए और इंटरव्यू की प्रक्रिया को सरल किया गया है।

# हेलमेट लगाने की समझाइश देने सड़क पर उतरे एसपी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने सड़क पर उतरकर दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने की अनिवार्यता समझाई। यह पहल आगामी 1 नवंबर से हेलमेट को अनिवार्य करने के अभियान का हिस्सा है। एसपी ने पुलिसकर्मियों को भी यातायात व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए हैं।

एसपी मिश्रा ने दूधवाले और छठ पर्व मनाने जा रहे बिना हेलमेट वाले चालकों से सीधे संवाद किया। उन्होंने एक चालक को ₹महापुरुष₹ कहकर हेलमेट के महत्व पर जोर दिया। एसपी ने कहा कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

शहर में अव्यवस्थित यातायात और हेलमेट के प्रति लापरवाही को देखते हुए एसपी आदित्य मिश्रा ने यह कदम उठाया है। पिछले तीन दिनों से वे लगातार पुलिसकर्मियों को यातायात व्यवस्थित करने की समझाइश दे रहे हैं और स्वयं सड़क पर उतरकर लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।



सोमवार रात को एसपी ने आंबेडकर चौक पर बिना हेलमेट वाहन चला रहे लोगों को रोका और उन्हें हेलमेट लगाकर वाहन चलाने की हिदायत दी। उन्होंने कार्यालयों या सड़क किनारे बैठकर यातायात व्यवस्था संचालित कर रहे पुलिसकर्मियों को भी सड़कों पर तैनात किया है, ताकि वे यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कर सकें।

एसपी आदित्य मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि 1 नवंबर से बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ न केवल चालान काटा जाएगा, बल्कि बार-बार नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।

# ग्राम खुरपुड़ी में खुली शराब बिक्री पर सवाल, आगामी सातवीं मंडई को लेकर चिंता

### युवा गुलशन नागेश्वर ने पुलिस की जागरूकता अपील पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

पुलिस द्वारा सोमवार कों की गई अपील पर प्रतिक्रिया देते हुए ग्राम खुरपुड़ी के एक जागरूक युवा, गुलशन नागेश्वर ने गांव में खुलेआम अवैध शराब बिक्री की ओर ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने टिप्पणी में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि ₹ग्राम खुरपुड़ी में तो दारू भट्टी खुल चुका है, खुलेआम दारू बिक रहा है । युवा गुलशन नागेश्वर ने पुलिस की जागरूकता अपील पर सवाल उठाते हुए इस गंभीर विषय को उठाया है। उनकी टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब ग्राम में आगामी सातवीं मंडई का आयोजन होना है, जिसके लिए उन्होंने ₹और कल सातवीं मंडई है₹ लिखकर चिंता व्यक्त की है।किसी भी सार्वजनिक उत्सव या मेले के दौरान अवैध शराब की बिक्री और सेवन से कानून-व्यवस्था बिगड़ने की संभावना रहती है, जिससे ग्रामीण शांति भंग हो सकती है। नागेश्वर की यह टिप्पणी प्रशासन और पुलिस के लिए एक चेतावनी के रूप में देखी जा रही है कि वे आगामी मंडई के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अवैध शराब बिक्री



पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई करें। युवा गुलशन नागेश्वर ने प्रशासन से अपील की है कि वे इस शिकायत को गंभीरता से लें और खुरपुड़ी में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाएं, ताकि सातवीं मंडई का आयोजन शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न हो सके।

# बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला सोलंकी के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर बालाघाट प्रशासक रचना चौधरी द्वारा भारत सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति के हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वुमेन एवं बेटी बचाओं बेटी पढाओं के अंतर्गत 28 अक्टूबर को जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। ग्राम गोदरीटोला थाना रूपझर विकासखंड बैहर तथा ग्राम बोदरा विकासखंड लांजी में महिला एवं बच्चों पर आधारित कानूनों की जानकारी दी गई।

कार्यशाला में वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर अपराध एवं गुड टच बेड टच, पोक्सो अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीडन अधिनियम 2013 के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। देव उठनी ग्यारस 02 नवंबर 2025 के अवसर पर बाल विवाह होने की संभावना देखते हुए जन समुदायों, धार्मिक स्थायनों, सामाजिक एवं गैर सामाजिक संस्थासनों, ग्रामों, सामाजिक कार्यकर्ताओं से बाल विवाह रोकने व न करवाने का अनुरोध किया गया तथा महिलाओं को नेतृत्वंकर्ता के रूप में सशक्तं बनाने व बाल विवाह के विरूद्ध आवाज उठाने के लिए सक्षम बनने की अपील की गई। यदि किसी बच्चेत का बाल विवाह हो जाता है तो वह पूर्णतः शून्य माना जाएगा और उक्त विवाह को रद्द करने के लिए अपील की जा सकती है। बाल विवाह एक संज्ञेय एवं गैर जमानतीय अपराध है, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अंतर्गत बाल विवाह कराना दण्डनीय अपराध है ऐसा करने पर 2 वर्ष तक का कठिन कारावास एवं 01 लाख रूपये तक का जुर्माने से दण्डित किया जाएगा की जानकारी दी गई।

### 111 आवेदक अपनी समस्या लेकर आए

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्या

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट**। प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 28 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग को उनका निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 111 आवेदक अपनी समस्या लेकर आए थे।

जनसुनवाई में किरनापुर तहसील के ग्राम रट्टापायली का निवासी महेश भोण्डेकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ एवं भूमि आवंटन एवं पट्टा दिलाने की मांग लेकर आया था। महेश का कहना था कि वार्ड नं. 14 रट्टापायली ग्राम पंचायत बुढ़ी का निवासी है। महेश ने बताया कि उसका स्वयं का रहवासी मकान देव नदी के किनारे बसा हुआ है, जो प्रतिवर्ष बाढ़ के कारण हुई भूमि कटाव की वजह से नदी से करीब 20 फूट की दूरी पर रह गया है। उसने बताया कि आने वाले समय में बाढ़ की चपेट से उसका परिवार किसी घटना-दुर्घटना का शिकार हो सकता है। इस प्रकरण में किरनापुर जनपद सीईओ को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए।

नगरीय क्षेत्र बालाघाट के वार्ड नं. 03 की मोहनी हदगैया शिकायत लेकर आयी थी कि वह नगर पालिका में सफाई



कर्मचारी के पद पर कार्यरत थी और 31 जुलाई 2025 को सेवानिवृत्त हो गई है। उसे सेवानिवृत्त होने के उपरांत मिलने वाली राशि का भुगतान अब तक नही किया गया है। इस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालाघाट को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। कटंगी तहसील के ग्राम आगरवाड़ा निवासी युवक नुरेंद्र देशमुख शिकायत लेकर आया था कि उसके द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत इलेक्ट्रानिक्स व्यवसाय के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र में 05 लाख रुपए के ऋण का आवेदन प्रस्तुत किया गया था। उसका प्रकरण स्वीकृत होकर इंडियन बैंक जरामोहगांव को भिजवाया गया था, लेकिन 01 माह होने के बाद भी उसे अब तक ऋण राशि प्रदान नही की गई है। बैंक द्वारा ऋण राशि देने में टालमटोल किया जा रहा है, इसके कारण वह अपना व्यवसाय प्रारंभ नही कर पा रहा है। अतः उसे शीघ्र ऋण दिलाया जाए। इस प्रकरण में अग्रणी बैंक प्रबंधक को प्रकरण की जांच कर कार्यवाही करने कहा गया है।

लालबर्रा तहसील के ग्राम टेकाड़ी की निवासी कु.प्रीति कुराहा शिकायत लेकर आयी थी कि ग्राम टेकाड़ी के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में कार्यकर्ता के लिए जारी चयन सूची में उसका नाम मेरिट के आधार पर प्रथम स्थान पर है। लेकिन उसे अब तक नियुक्ति प्रदान नही की गई है और न ही उसे कोई सूचना दी गई है। जबकि अन्य ग्रामों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति प्रदान की जा चुकी है। अतः उसे शीघ्र आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद पर नियुक्ति दी जाए। इस प्रकरण में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

जनसुनवाई में वारासिवनी तहसील के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला टुईयापार के विद्यार्थी अपने पालकों के साथ शिकायत लेकर आए थे कि उनकी शाला में पदस्थ शिक्षक रामेंद्र राहंगडाले बच्चों को ठीक से पढ़ाते नही है और समय पर स्कूल भी नही आते है। अतः शिक्षक रामेंद्र राहंगडाले को उनकी शाला से हटाया जाए। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समनव्यक को मौके पर जाकर जांच करने एवं आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। रिपुदमन नर्सिंग कॉलेज हुडकीटोला बुदबुदा की छात्राऍ शिकायत लेकर आयी थी कि वर्ष 2020-21 की छात्रवृत्ति की राशि उन्हें अब तक प्राप्त नही हुई है। इस पर सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को प्रकरण की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।